हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 शिक्षा ही प्रगति का मूल आधार है : टंकराम वर्मा


14 मेले की वास्तविक गरिमा जनता की आस्था ...




## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज राजिम में



**राजिम।** माघ पूर्णिमा 1 फरवरी से चल रहे 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प मेले का समापन करने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राज्य के सीएम विष्णुदेव साय आज राजिम पहुंचे रहे है। श्री साय समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मेले का औपचारिक समापन करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम अरुण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब तथा राजेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विशेष अतिथियों में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ,जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूप नारायण साहू, जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष राजेन्द्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड अध्यक्ष लिलेश-सुरेश साहू, नगर पंचायत देवभोग अध्यक्ष राजेश तिवारी, नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थित रहेगी। साथ ही समापन अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

अपराध : राहगीरों को इलाके में तेज दुर्गंध आने के बाद शव का पता चला

# नहर में बोरे के भीतर मिली रायपुर की युवती की लाश, हत्या की आशंका

राजिम। राजिम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम बरोंडा माइनर के नहर पुलिया में 21 साल के एक युवती जिसकी लाश बोरे में भरी हुई थी मिली है। युवती की लाश मिलने की खबर जंगल में आग लगने की तरह फैल गई देखते ही देखते आसपास के गांव के लोग घटना स्थल में पहुंचने लगे तथा यहां पर बड़ी भीड़ लग गई। इसकी जानकारी किसी ने फोन पर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही राजिम थाना से पुलिस की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। इस दौरान पता चला कि रायपुर संतोषी नगर के रहने वाली युवती चंचल साहू उम्र 21 वर्ष जो 30 जनवरी को अपने घर से निकली थी। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने टिकरापारा थाना में दर्ज कराई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर राजिम पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। युवती की मां रामेश्वरी साहू, भाई भावेश साहू और सागर साहू बिना देर किए मौके पर पहुंची। लाश को देखते ही वह पहचान गई कि ये लड़की उसकी बेटी है। घर से ये लड़की काला शुट और जीन्स पहनकर निकली थी। चप्पल भी वही पड़ा था। फिर तो दहाड़ मारकर रोने लगी।





### प्रेम प्रसंग या आत्महत्या से जुड़ाव मामला

पुलिस ने लाश का पंचनामा कराया और पीएम के लिए रवाना किया। विवेचना अधिकारी रब्बान खान ने बताया कि प्रारंभिक रूप से यह मामला हत्या का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट अभी आया नही है। पीएम रिपोर्ट के मिलते ही जांच की दिशा तय होगी। घटना स्थल क्षेत्र के ग्राम धूमा के पास नहर के चैन क्रमांक 87 में गेट के भीतर 15 दिन पुरानी सड़ी-गली लाश मिलने से एकबारगी सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक राहगीरों को तेज दुगंर्ध आने पर संदेह हुआ, जिसके बाद नीचे देखने पर लाश दिखाई दी। सूचना मिलते ही राजिम टी आई अमृतलाल साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक ग्राम धूमा के सुमन नागरची 26 वर्ष जो 1 फरवरी को आत्महत्या कर लिया था बताया जाता है कि सुमन रायपुर में किसी दुकान में काम करता था। हो सकता है इसकी कड़ी युवती के लाश मिलने से जुड़ी हुई हो? पुलिस इन दोनों घटनाओं के बीच किसी संभावित संबंध की भी जांच कर रही है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

# राजिम में आज पधारेंगे अरुण गोविल, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूम न्यूज ▶▶ राजिम

धार्मिक नगरी राजिम आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। भारत के घर-घर में पूजे जाने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के रूप में अमिट छाप छोड़ने वाले प्रख्यात अभिनेता अरुण गोविल आज राजिम की पावन भूमि पर पधार रहे हैं। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं और रामभक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाकर अरुण गोविल ने करोड़ों भारतीयों के हृदय में स्थायी स्थान बनाया। आज भी लोग उन्हें राम के स्वरूप में ही श्रद्धा और सम्मान से देखते हैं। ऐसे में उनका राजिम आगमन भक्तों के लिए किसी आध्यात्मिक पर्व से कम नहीं माना जा रहा। वे रात्रि आठ बजे मुख्य मंच से उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। उनके मधुर और संयत वक्तव्य को सुनने के लिए दूर-दूर से लोग राजिम पहुंच रहे हैं। नगर में जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की गई हैं, मंच को विशेष रूप से सजाया गया है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु पलक-पावड़े बिछाए उनके स्वागत को आतुर हैं। कई लोगों का कहना है कि जिन राम को उन्होंने वर्षों तक टीवी पर देखा और पूजनीय रूप में स्वीकार किया, आज उसी व्यक्तित्व के दर्शन राजिम में होंगे- यह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय क्षण है। राजिम की यह पावन भूमि, जो सदियों से




आस्था और संस्कृति का केंद्र रही है, आज एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होने जा रही है। अरुण गोविल का आगमन न केवल सांस्कृतिक आयोजन को गौरवान्वित करेगा, बल्कि श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और मर्यादा के आदर्श को भी पुनः जागृत करेगा। आज की यह संध्या राजिम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रही है, जब राम के स्वरूप को आत्मसात करने वाले अरुण गोविल अपने मधुर वचनों से जनमानस को प्रेरित करेंगे।

## मधुरस की लालच में पहुंच रहे भालू

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के दूरस्त वनांचल के ग्रामों में इन दिनों प्रकृतिक मधुमक्खियों के छत्ते भारी पैमाने पर दिखाई दे रहे हैं। मधुमक्खियों के लालच में जंगली भालू गांव तक पहुंच रहा है। पेड़ के नीचे आसानी से भालूओं को विचरण करते देखा जा सकता हैं। भालू शाम होते ही पेड़ में चढ़ जाते हैं और चाव के साथ शहद का आनंद लेते है। नेशनल हाइवे के किनारे बुढ़ोदव मंदिर के आसपास मधुमक्खी के छत्ते की लालच में इन दिनों भालू प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।



## कोपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में आज होगा सहस्र जलाभिषेक



**कोपरा।** पंचकोशी धाम की धर्मनगरी कोपरा महाशिवरात्रि पर्व पर शिवमय होने जा रही है। यहां स्थित भगवान कोपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पर्व को लेकर मंदिर समिति और नगरवासी विशेष तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंदिर में शनिवार 14 फरवरी से शिवभक्तों द्वारा अखंड ॐ नमः शिवाय मंत्र जाप प्रारंभ कर दिया गया है। महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालु सहस्त्र जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना करेंगे। सुबह से ही भक्तों का तांता लगने की संभावना जताई जा रही है। पंचकोशी धाम भगवान कोपेश्वरनाथ महादेव के प्रति गहरी आस्था देखने को मिलती है। मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से भक्तों की परेशानियां दूर होती हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हर वर्ष हजारों पंचकोशी यात्री यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना और दर्शन करते हैं। नगर के शिवभक्त छबि साहू के अनुसार महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि सभी भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।



प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर प्रज्ञेश्वर महादेव का अभिषेक



**रसेला।** ग्राम रसेला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी दिन रविवार को प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 6 बजे ब्रम्ह मुहूर्त में भगवान शिव जी का यज्ञिय विधि से दूध, दही, घी, और गंगा जल, शहद, चंदन, धतुरे का फूल व बेलपत्र के साथ रुद्राभिषेक में श्रद्धालु शामिल होंगे। रूद्राष्टक और और शिव पंचाक्षरी मंत्र का पाठ भी होगा। तत्पश्चात महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही दोपहर 2 बजे क्षेत्र के खुशीहाली के लिए भोले नाथ के पुजा अर्चना करने विधायक जनक राम ध्रुव बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा, की उपस्थिति होगी साथ ही पंचायत के जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुख मौके पर मौजूद रहेंगे।

### साजापाली में मानसगान सम्मेलन आज से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम साजापाली में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी दिन रविवार से 17 फरवरी दिन मंगलवार तक तीन दिवसीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ 15 फरवरी सुबह 8 बजे से कलश शोभायात्रा एवं दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। जिसमें भजन सरिता मानस परिवार साजापाली केंवट के राम महिला मानस परिवार बासीन (राजिम) की प्रस्तुति एवं 16 फरवरी सोमवार सुबह 11 से 12:30 बजे अदिति हर्षा बालिका मानस परिवार (बागबाहरा),12:30 से 02:00 बजे स्तुति बालिका मानस मण्डली अमोरी (झलप),2:00 से 03:30 बजे जय ठाकुर देव मानस परिवार उपरवारा (रायपुर), 3:30 से 05:00 बजे सोनचिरईया मानस मण्डली मालीडीही (महासमुन्द), 05:00 से 06:30 बजे मधुकर मानस परिवार भरदा (धमतरी),6:30 से 08:00 बजे बालिका मानस मण्डली भोथली (धमतरी), 17 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 11:00 से 12:30 बजे रेशमी महिला मानस मण्डली बिरकोनी , 12:30 से 02:00 बजे श्रृंगी ऋषि मानस परिवार सिवाहा ,2:00 से 03:30 बजे जय मां कर्मा महिला मानस परिवार फरसीया (नगरी), 3:30 से 05:00 बजे श्री राम मानस मण्डली बेलर चण्डी (रायपुर), 5:00 से 06:30 बजे सुर साथना बालिका मानस मण्डली (बमसूर धमतरी), 6:30 से 08:00 बजे सांई कृपा मानस परिवार जीवतरा (महासमुन्द), 8:00 से 10:00 बजे सरस्वती बालिका मानस परिवार मठईभाठा (धमतरी) की प्रस्तुति होगी जिसके मुख्य अतिथियों का स्वागत 15 फरवरी दिन रविवार शाम 4 बजे मुख्य अतिथि पुष्पा जगन्नाथ शामिल होंगे।

### मैनपुर क्षेत्र के किसानों का दल राजिम हुआ रवाना



**मैनपुर।** कृषि विभाग मैनपुर द्वारा क्षेत्र के किसानो के दल को आज राजिम मेला भ्रमण के लिए ले जाया गया इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर वाहनो को रवाना कियाा। वरिष्ठ कृषि अधिकारी जी के ठाकुर ने बताया मैनपुर क्षेत्र के किसान आज राजिम कुंभ मेला के लिए रवाना हुए है यहां सरकार द्वारा लगाये गये कृषि विभाग के साथ ही अनेक स्टालों का निरीक्षण करेंगे और जानकारी हासिल करेंगे साथ ही राजिम मेला धार्मिक स्थल का दर्शन करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से पदमा ध्रुव, शशिकांत पटेल, हितेश ठाकुर, ओमप्रकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपलब्ध थे।

## आस्था: मैनपुर की इस गुफा में साल में सिर्फ एक बार होती है महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा

# दुर्गम जंगल की गुफा में विराजते हैं सर्प वाले महादेव, जहां मन्नत पूरी होने पर ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने चढ़ाया था चांदी का छत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जैसा कि शेसपगार नाम सुनकर ही हमें विशाल सर्प का अहसास होने लगता है मैनपुर तहसील मुख्यालय से लगभग 48 किलोमीटर दूर आमामोरा, ओढ़ पहाड़ी के दुर्गम जंगल के भीतर एक गुफा है यहां बारिश के चार माह बहुत तेज गति से पानी की धार यहां चलता है। इस पहाड़ी में कई गुफाएं हैं जिसमें एक विशाल गुफा में प्राचीन प्राकृतिक शिवलिंग है जिसके बारे में पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण और उड़ीसा क्षेत्र के लोग भलीभांति परिचित है इस प्राचीन महादेव पहाड़ी की खासियत यह है कि गुफा के भीतर स्थित शिवलिंग की पूजा सिर्फ महाशिवरात्रि पर्व में ही किया जाता है और प्रत्येक साल सावन माह के सोमवार को ही यहां पूजा करने लोग पहुंचते हैं इसके पीछे क्या कारण है इसके बारे में तो ग्रामीण सही ढंग से नहीं बताते लेकिन उनका कहना है यहां पूर्वज जमाना से चला आ रहा है यहां अन्य दिन कोई भी व्यक्ति या श्रद्धालु जाने की हिम्मत नहीं करते क्योंकि इस गुफा के भीतर हमेशा शिवलिंग के आस-पास बड़े-बड़े दुर्लभ सर्पो को आसानी से देखा जा सकता है और यहां काला कलर के भी नागराज सर्प देखने के बाद ग्रामीण बताते हैं महादेव पहाड़ी काफी दुर्गम और जंगल के भीतर है यह क्षेत्र बहुत संवेदनशील होने के साथ-साथ हमेशा हाथी प्रभावित क्षेत्र भी माना जाता है आसानी से यहां वन्य प्राणी भालू, तेंदुआ, चीतल, सांभर को देखा जा सकता है। इस स्थान में घनघोर जंगल होने के कारण सिर्फ लोग महाशिवरात्रि और सावन के पवित्र माह में ही पहुंचते हैं क्योंकि इस भीषण जंगल में एक दो व्यक्तियों का जाना संभव ही नहीं है।



### भू वैज्ञानिकों के दल सर्वे करते इस पहाड़ी में गए थे

हीरा खदान के सर्वे के लिए जब 1995 से 1998 के बीच ऑस्ट्रेलिया के भूवैज्ञानिक अपने परिवार के साथ मैनपुर पहुंचे थे तो भू वैज्ञानिकों के दल सर्वे करते इस पहाड़ी में गए थे। उस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इस देवस्थल के बारे में जानकारी दिया था, क्योंकि इस पहाड़ी क्षेत्र में बड़े-बड़े सर्प होने के कारण उन्हें सर्वे करने में भारी परेशानी आ रही थी तब ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने यहां महादेव पहाड़ में मन्नत मनौती मांगी थी ग्रामीण बताते हैं ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों के द्वारा मनौती मांगने के बाद उन्हें सर्प दिखना बंद हो गया और उन्होंने आसानी से अपना सर्वे का कार्य किया था उसके बाद वैज्ञानिकों के दल ने यहां चांदी का छत्र भी चढ़ाया था।

### पहाड़ी के अंदर है 10 से 12 गुफा

महादेव पहाड़ी के संबंध में स्थानीय ग्रामीण महेशराम सोरी, कुंदन मरकाम, भुवन मराई, जागेश्वर यादव, बीरबल ठाकुर तथा क्षेत्र के बुजुर्गजन से चर्चा करने पर उन्होंने बताया महादेव पहाड़ी स्थल पहुंचने के लिए लगभग 10 से 12 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है पगडंडी रास्ते से इस स्थान में पहुंचा जाता है और इस



पहाड़ी से जो पानी नदी से होकर गुजरती है वह आगे शेषपगार झरने के रूप में गिरता है जो शेषनाग की तरह आवाज करता है शेष पगार तक ग्रामीण आसानी से पहुंच जाते हैं लेकिन महादेव पहाड़ी तक पहुंचने के लिए पैदल चलना पड़ता है और यह काफी घनघोर जंगल इलाका है साथ ही यहां अनेक प्रकार के जंगली जीव जंतु हमेशा आसानी से दिखाई देते हैं ग्रामीणों ने बताया राजा रजवाड़ा जमाना में कचना धुर्वा राजा के वंशज यहां पूजा करने आते थे वह भी महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा करते थे पहाड़ी के अंदर 10 से 12 गुफा है जिसमें से एक विशाल गुफा के भीतर प्राकृतिक शिवलिंग है यहां पत्थर आकार लिए शिवलिंग 3 से 4 फीट का है और इसकी खासियत यह है कि यहां सिर्फ महाशिवरात्रि पर पूजा करने श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचते हैं बाकी दिन इस गुफा और पहाड़ी के चारों तरफ बड़े-बड़े सर्पों का डेरा लगा रहता है यहां अनेक प्रकार के दुर्लभ प्रजाति के सर्प पाए जाते हैं बड़े-बड़े नागराज यहां दिखाई देते हैं लेकिन अभी तक इन सर्पों के द्वारा किसी भी व्यक्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है।

## बूढ़ादेव मंदिर जमाही में आज उमड़ेगी आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ध्रुव समाज सर्कल जमाही के तत्वावधान एवं 84 राज ध्रुव समाज के मार्गदर्शन में घटारानी चौक मेनगेट स्थित बुढ़ादेव मंदिर में 15 फरवरी को भव्य आयोजन होगा। इसी प्रकार ग्राम चरौदा के शिवालय में भी पूजा की विशेष तैयारियां की गई हैं। ध्रुव समाज सर्कल जमाही के तत्वावधान में घटारानी मेनरोड मुख्य प्रवेश द्वार के पास बुढ़ादेव मंदिर में 15 फरवरी को जलाभिषेक, हवन पुजन का आयोजन होगें। इससे पहले कलश एवं परमपूज्य बुढ़ादेव जी का शोभा यात्रा 12 बजें से प्रारंभ,जलाभिषेक 01 बजे , भोजन प्रसादी 02 बजें ,बच्चो का सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम 03 बजे सें समाजिक परिचर्चा एंव आय व्यय की जानकारी रात्रि 9 बजे निर्धारित समय में होंगे। बुढ़ादेव कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पन्नालाल ध्रुव प्रांताध्यक्ष ध्रुव (गोंड़) समाज छ.ग अध्यक्षता पुरनसिंग ठाकुर अध्यक्ष आदि ध्रुव (गोंड़), विशेष अतिथि तीजराम ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव (गोंड़) समाज सर्कल जमाही, शीला ठाकुर कांग्रेस नेत्री विद्या/गजेश्वर सिन्हा सरपंच . छुईहा मलेशु राम ध्रुव (सचिव फिगेंश्वर राज 84 ) गंगाराम ध्रुव (सलाहकार फिगेंश्वर राज 84)प्रेमिन/मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य, नीलकंठ ठाकुर अदिवासी नेता होंगे।






## फूलबाहरा में मानसगान का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में त्रिदिवसीय सस्त्रवर श्रीराम चरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन 13 फरवरी से 15 फरवरी तक किया गया है। जिसका समापन आज रविवार को किया जाएगा। इस आयोजन में अनेक ख्याति नाम रामायण मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में शुक्रवार को महिलाओं, युवतियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शाम 7 बजे से मनभावन मानस परिवार फुलबाहरा के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों के साथ रामचरित का रसपान कराया गया। कार्यक्रम में सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा पुजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात जय सिद्धेश्वर मानस परिवार ग्राम देवर तिल्दा, स्वरांजली मानस परिवार ग्राम कनसिघी, जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार ग्राम चिखली, वहीं 14 फरवरी को प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद, स्वरांजली मानस परिवार ग्राम खुरसुर,अर्जून्दा, सुर समागम मानस परिवार ग्राम मावली पारा कांकरे,भूमिजा मानस परिवार ग्राम गुढियारी रायपुर,बस्तरिहा मानस परिवार ग्राम कोन्दा गांव उत्तर बस्तर कांकेर ने अपनी प्रस्तुति दी गई। आज समापन के अवसर पर 15 फरवरी को जय गुरुदेव मानस परिवार छिदौला,झलप, वेद श्रवण मानस परिवार पलादुर, स्वास्तिक मानस परिवार ग्राम पतेरापाली बागबाहरा, मधुरिमा मानस परिवार बरोड़ा चौक महासमुंद, कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुति हरिकेश मंगलम मानस परिवार बागबाहरा द्वारा दिया जाएगा। इस समापन के मुख्य अतिथि होंगे जनक राम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ, सरपंच हेमलता ध्रुव, जिला महामंत्री कांग्रेस चिराग अली सहित सभी आमंत्रित अतिथिगण शामिल होंगे।

## शिकार की फिराक में घूम रहे तीन संदिग्ध गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव शिकार के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से फंदे, तीर-कमान, जाल सहित शिकार में उपयोग होने वाले कई सामान जब्त किए गए हैं।वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी 2026 को वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट (बफर) के गश्ती दल को सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मयूर एवं खरगोश का शिकार करने पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने पेंड्रीपानी और गोलडहाय क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन आरोपियों चैनसिंह बल संतूराम, पवन बल गांदराम और टीकम बल दर्शन को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वन्यजीव शिकार करना स्वीकार किया। इसके बाद 6 से 9 फरवरी तक अन्य संभावित आरोपियों की तलाश की गई, लेकिन कोई अतिरिक्त आरोपी नहीं मिला। 10 फरवरी को न्यायालय से प्राप्त तलाशी वारंट के आधार पर आरोपियों के घरों में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लोहे के फंदे, जाल, तीर-कमान, कुल्हाड़ी, चाकू सहित कई शिकार उपकरण बरामद किए गए। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर 11 फरवरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला जेल गरियाबंद भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट (बफर), उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व तथा गरियाबंद वनमंडल की संयुक्त टीम की विशेष भूमिका रही।

## आधुनिकता की चकाचौंध में याद आ रहा पुराने मेले का स्वर्णिम दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

एक समय था जब माघी पुन्नी मेला सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, बल्कि जीवंत सांस्कृतिक उत्सव हुआ करता था। नदी की पवित्र धार में जहाँ श्रद्धालु स्नान और दर्शन के बाद मेले की रौनक में डूब जाते थे। नदी में स्वच्छंद स्नान के बाद पूरी रात लोगों की भीड़ मैदान की ओर उमड़ पड़ती थी। पाँच-छह टुरिंग टाकीजें, गाड़ियाँ, झूले, खिलौनों की दुकानें, सर्कस के बड़े-बड़े तंबू और जादूगरों के रोमांचक करतब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सबके आकर्षण का केंद्र होते थे। सर्कस के शेर-हाथी और कलाकारों के हैरतअंगेज प्रदर्शन लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे, तो जादूगरों की मायावी दुनिया तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठती थी। मेले का वातावरण सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह सामाजिक मेल-मिलाप का भी अवसर होता था। दूर-दराज के गांवों से आए लोग रिश्तेदारों से मिलते, व्यापारियों की दुकानें सजतीं और स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता। पूरी रात चहल-पहल, हंसी-खुशी और उत्साह का अदभुत संगम देखने को मिलता था। आज भले ही समय के साथ मेले का स्वरूप बदला हो, लेकिन पुराने मेला मैदान की वह रौनक, सर्कस की रोशनी और जादूगरों के करतब अब भी लोगों की स्मृतियों में ताजा हैं। माघी पूर्णिमा का वह दौर सचमुच एक स्वर्णिम अध्याय था, जब आस्था और मनोरंजन साथ-साथ चलते थे।

- माघी पुन्नी मेला जब पुराना मेला मैदान जागता था पूरी रात



### पूर्णिमा मेलाः जब टूरिंग टाकीज जगाती थीं पूरी रात

माघी पूर्णिमा मेले का वह दौर आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवंत है, जब पुराने मेला मैदान में पाँच-छह टूरिंग टाकीज एक साथ लगती थीं। जैसे ही श्रद्धालु नदी में स्नान कर मेले की ओर रुख करते, रात मानो एक नए उत्सव में बदल जाती थी। ये टाकिज सूर्योदय तक लगातार चलती रहती थीं और दर्शक खुले मैदान में जमीन पर बैठकर फिल्मों का भरपूर आनंद लिया करते थे। बड़े-बड़े पर्दे, जनरेटर की गूंज, बीच-बीच में बजते लोकप्रिय गीत और तालियों की आवाज-पूरा वातावरण उत्साह से भरा रहता था। ग्रामीण अंचलों से आए लोग परिवार सहित देर रात तक वहीं जमे रहते थे। उस समय पुलिस की अनावश्यक रोक-टोक नहीं होती थी, फिर भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहता था। व्यवस्था और स्वतंत्रता का संतुलन ऐसा था कि लोग सहज और सुरक्षित महसूस करते थे। माघी पूर्णिमा का वह मेला आस्था के साथ-साथ खुले आसमान तले सामूहिक मनोरंजन का अनोखा संगम था, जिसे आज भी पुरानी पीढ़ी गर्व और भावुकता के साथ याद करती है। आज की तारीख में सरकार द्वारा चौबेबांधा गांव के पास 54 एकड़ जमीन आरक्षित किए जाने के बाद पिछले दो वर्षों से मेला उसी नए परिसर में आयोजित हो रहा है। शहर से दूर बसे इस स्थल पर मीना बाजार, सांस्कृतिक मंच और सभी शासकीय स्टॉल एक साथ व्यवस्थित किए गए हैं। प्रशासनिक दृष्टि से यह कदम सुव्यवस्थित माना जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और कहानी कह रही है। इधर पारंपरिक आस्था का केंद्र रहे श्री राजीव लोचन मंदिर से लेकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के बीच सजी दुकानों और रास्ते भर उमड़ती भीड़ ही मेले की असली तस्वीर पेश कर रही है। श्रद्धालु मंदिर दर्शन के बाद इन्हीं मार्गों पर अधिक दिखाई दे रहे हैं, जबकि चौबेबांधा का नया परिसर अपेक्षित जनसमूह के लिए अभी तरसता नजर आता है। पुराना मेला मैदान, जो कभी रौनक का केंद्र था, अब लगभग उजाड़-सा प्रतीत होता है। राजीव लोचन महोत्सव स्थल पर भी केवल दिन में सीमित कार्यक्रम हो रहे हैं, जिससे शाम ढलते ही चहल-पहल कम हो जाती है। स्थल परिवर्तन ने व्यवस्था तो दी है, पर आत्मा अब भी पुराने मार्गों और मंदिरों के बीच ही धड़कती नजर आती है। यही वजह है कि लोग आज भी पुराने स्वरूप को याद कर रहे हैं।

## विधायक और कलेक्टर ने परोसा भोजन...





राजिम। राजिम कुंभ मेले में चल रहे राजिम भक्तिन माता के भोग भंडारा में कसडोल विधायक संदीप साहू एवं गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार तारेंद्र ठाकुर सहित समाज के वरिष्ठों ने बहुत ही सेवा भाव के साथ खाना परोसा।

## होली से पहले किसानों को एकमुश्त भुगतान का निर्णय ऐतिहासिक

# अन्नदाता का मान ही साय सरकार की पहचान : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय प्रदेश के किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले प्रदेश के 25.24 लाख से अधिक किसानों को 3100 प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान होली से पूर्व उनके बैंक खातों में किया जाएगा अंतर की करीब 10,000 करोड़ की यह राशि सीधे किसानों तक पहुंचेगी, जिससे गांवों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि खरीफ वर्ष 2025–26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी कर छत्तीसगढ़ ने देश में नया कीतिर्मान स्थापित किया है। पिछले दो वषेंर् में किसानों को लगभग 25,000 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है और आगामी भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 35,000 करोड़ हो जाएगा, यह भाजपा सरकार की किसान-समर्पित सोच और वचनबद्धता का प्रमाण है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप साहू ने कहा सरकार का स्पष्ट लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना, किसानों की आय में वृद्धि करना और वित्तीय अनुशासन के साथ प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है भाजपा सरकार केवल घोषणा नहीं, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन में विश्वास रखती है होली के पावन अवसर पर किसानों को यह बड़ी सौगात प्रदेश के अन्नदाताओं के सम्मान का प्रतीक है। जनपद सदस्य मैनपुर श्रीमति कुमारी बाई पटेल ने कहा कि अन्नदाताओं का मान ही भाजपा सरकार की पहचान है और हर कीमत पर हर स्तर पर भाजपा किसानों के हित में निर्णय ले रही है समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पूर्व एकमुश्त प्रदान करने का निर्णय प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने लिया जिसका स्वागत होना चाहिए । भाजपा नेता तुलसी राठौर ने कहा प्रदेश के अन्नदाता भाइयों–बहनों की मुस्कान ही भाजपा सरकार की सबसे बड़ी पूँजी है सरकार केवल धान की खरीदी नहीं करती, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मानती है। भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा कि किसान प्रदेश की आत्मा और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं उनकी मेहनत और पसीने से ही राज्य की समृद्धि सुनिश्चित होती है। भाजपा मंडल गोहरापदर महामंत्री लंबोदर साहू ने कहा यह निर्णय प्रदेश के किसानों के हितैषी सोच और प्रतिबद्धता का प्रमाण है छत्तीसगढ़ द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की मान से की जा रही है जो देश के अन्य राज्यों से सर्वाधिक है।

### अंतर राशि मिलने से किसनों को मिलेगा आर्थिक संबल

उन्होंने कहा की प्रदेश के मुखिया साय की सत्ता संभालते ही किसानों को आर्थिक मजबूति को बढ़ावा देना व उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मान कर चल रहे थे। धान के अंतर राशि प्रदेश के किसानों को मिलने से उनकी आर्थिक संबल के साथ होली पर्व उत्सव का उल्लास भी बढ़ेगा। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी व प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के जनकल्याण योजनाओं से प्रदेश के साथ पूरा देश खुशहाल हुआ है ग्रामिण क्षेत्रों का विकास करने सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार करने की योजनाएं केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की प्राथमिकता में है जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं को राजनीति से प्रेरित हुए बिना अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## सेंट जॉन्स स्कूल छुरा में ब्लैक डे का आयोजन

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में 'ब्लैक डे' का आयोजन अत्यंत अनुशासित, भावनात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य इतिहास के एक दुखद अध्याय को स्मरण कर विद्यार्थियों में जागरूकता, देशप्रेम और शांति का संदेश देना था।कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उन शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नाटक,देशभक्ति गीत और प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को भावुक कर दिया, जिसमें इतिहास की पीड़ा और उससे मिलने वाली सीख को सजीव रूप में दर्शाया गया। वहीं, देशभक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को गंभीर और प्रेरणादायक बना दिया। भाषणों के माध्यम से छात्रों ने शांति, एकता और मानवीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय निर्देशक जार्ज जेकब, प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अतीत से सीख लेकर सकारात्मक और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। 'ब्लैक डे' का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षाप्रद और यादगार अनुभव साबित हुआ।



## खबर संक्षेप

### होली से पहले किसानों को बोनस की सौगात : बंजारे



**मुड़ागांव(कोरासी)।** रुपनाथ बंजारे उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा एवं छत्तीसगढ़ के प्रथम उप सरपंच संघ के अध्यक्ष ने कहा छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की कैबिनेट बैठक बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में संपन्न हुई, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित इस मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 से पहले राज्य के विकास और किसानों के हित में कई बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के धान उत्पादक किसानों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है. मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।जिसमे जिसमें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य रु 2369 प्रति क्विंटल हैं और राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल का बोनस अंतर की राशि 731 रुपये का भुगतान लाभार्थी किसानों के खातों में डीबीटी के जरिए सीधे राशि जारी की जाएगी.जो होली पर्व से पहले एकमुश्त किया जाएगा. खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य के 25 लाख 24 हजार से अधिक किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है. कृषक उन्नति योजना के तहत इस साल लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जाएगा।

### दसवी के बच्चों को दी गई विदाई



**राजिम।** शासकीय हाई स्कूल बकली में कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने दसवीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश सेन, जनपद सदस्य मुकेश भारती, सरपंच प्रतिनिधि हीराधर साहू, ओमप्रकाश साहू, प्राचार्य मनहरण यदु, सुधीर साहू, लेखाचंद मल्होत्रा, किरण साहू, पुष्पांजलि तिवारी, सरोज सेन, डोमिन निर्मलकर मौजूद थे।

## लोकार्पण : राजिम के शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय को मिली नई सौगात

# शिक्षा ही प्रगति का मूल आधार है : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में महाविद्यालय परिसर के निकट विज्ञान भवन का निर्माण किया गया है। इस नवनिर्मित विज्ञान भवन का शनिवार को गरिमामय समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुश्री छाया राही, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नगर पंचायत सभापति कुलेश्वर साहू, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण संजीव साहू,ओमकार साहू, पार्षद भरत यादव, पार्षद आकाश राजपूत, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू,मधुबाला रात्रे, आशीष साहू,मधु नत्थानी,देवकी साहू ,किशोर न्याय बोर्ड सदस्य खुशी साहू आदि शामिल हुए। महाविद्यालय पहुंचने पर मंत्री टंकराम वर्मा व अतिथियों का एनसीसी कैडेट्स द्वारा सलामी दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक विज्ञान भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने फीता काटकर और शिलापट अनावरण कर विज्ञान भवन महाविद्यालय को समर्पित किया। इस नए भवन के बन जाने से अब विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और आधुनिक कक्षाओं का लाभ मिल सकेगा।

■ उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने किया विज्ञान भवन का लोकार्पण



### महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के युवाओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा। शिक्षा चरित्र निर्माण और कौशल विकास का जरिया है। आज हमारे युवा तकनीकी और वैज्ञानिक शिक्षा के दम पर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। विज्ञान भवन का लोकार्पण राजिम के छात्रों के सपनों को पंख देगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने भी अपने संबोधन में कॉलेज की विकास यात्रा और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कॉलेज के उपलब्धि में सभी छात्र-छात्राओं को योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और न केवल अपने परिवार, बल्कि राजिम और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। शिक्षा के क्षेत्र में जो भी आवश्यकताएं होंगी उनका समाधान हम सब मिलकर करेंगे। जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने भी समारोह को संबोधित करते हुए नए भवन के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सर्व ब्राम्हण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा , प्राध्यापकगण, भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा किया गया।

### अंचल के विद्यार्थियों में असीम प्रतिभा, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरुरत

लोकार्पण समारोह के पश्चात, महाविद्यालय परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मंत्री टंकराम वर्मा ने महाविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और छग राज्य गीत के माध्यम से हुई। संस्था की प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा ने महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला और महाविद्यालय की आवश्यकताओं को मंत्री के संज्ञान में लाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने सभी के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि सपने देखना बहुत जरूरी है आप कुछ बनने की सपना देखेंगे तो उस सपने को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में असीम प्रतिभा है बस उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधनों की आवश्यकता है जिसे सरकार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विज्ञान के बिना आधुनिक शिक्षा अधूरी है। नवनिर्मित विज्ञान भवन छात्रों को प्रयोगशालाओं और अनुसंधान के बेहतर अवसर प्रदान करेगा जिससे वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर देश के विकास में योगदान देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण अंचलों तक उच्च शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति के तहत कौशल विकास और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मंत्री जी ने कहा, आप सभी छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आप केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें। आज का सम्मान आपके भविष्य के लिए और भी बड़ी उपलब्धियों की नींव रखेगा।

## नवापारा में पं. श्यामाचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई

**नवापारा-राजिम।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं श्यामाचरण शुक्ल जी की जयंती नवापारा में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के संगवारी कार्यालय में मनाया गया। प्रारंभ में पं. शुक्ल के छाया चित्र पर माल्यार्पण पश्चात उन्हें स्मरण करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने कहा कि पं. शुक्ल छत्तीसगढ़ के भागीरथी के रूप में जाने जाते हैं। श्री शुक्ल ने अपने जीवन काल में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए अनेक बड़े जलाशय का निर्माण कर नहरों का जाल बिछाया जिससे आज किसानों के जीवन में बड़े बदलाव हुए और आज यह क्षेत्र उन्नतशील कृषि के लिए एक अलग पहचान पूरे देश बनाया है। कहा कि आज भी छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे भगीरथ सपूत के रूप में लोग उन्हें स्मरण करते हैं। आज उनकी जयंती अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह ,नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, पार्षद दीपाली राजपूत, अजय साहू, हेमंत साहनी, अर्जुन साहू, फागू देवांगन, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, अनूप खरे, मंगराज सोनकर, रामकुमार शर्मा, सुनील जैन, सौरभ सोनी, सुरेन्द्र साहू, वीरेंद्र राजपूत, प्रदीप साहू, बल्लू देवांगन, दाऊ राम साहू, विजय तारक, अजय गाड़ा, गुड्डा शर्मा, शेखर साहू, निर्माण यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।



## पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि राजमहल में मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राजमहल प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज पंडित श्यामा चरण जी शुक्ला पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश का भाव भीनी के साथ पुण्यतिथि मनाया गया सर्व प्रथम पंडित शुक्ला के छायाचित्र पर ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजा अर्चना की इस अवसर पर रमेश शर्मा ने पंडित श्यामा चरण शुक्ल के विषय में कहा कि पंडित शुक्ला सिंचाई के निर्माता थे उनके योगदान को बुलाया नहीं जा सकता आज उनके योगदान के फल स्वरुप गंगरेल बांध का सिकासेर डैम जैसे विशाल बांध का निर्माण कराया आज उसे पूरे प्रदेशवासी लाभ ले रहे हैं इसी तरह पंडित शुक्ला मध्य प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे उन्होंने अपने कार्यकाल में सिंचाई के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वसनीय काम किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता यसपेंद्र शाह, अब्दुल समद खान, नीलकंठ ठाकुर, समीम खान सलीम, अशोक दीक्षित, डॉ. योगेंद्र चंद्राकर, पन्नालाल ध्रुव, भानु वर्मा, पंचराम टंडन, देव सिंह नेताम, रामजी कवर, पार्षद शांतनु देवांगन, पार्षद दीप्ति यादव, पार्षद थानूराम, राजू यादव के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## स्कूली बच्चों ने बिखेरी लोक-संस्कृति की छटा...



**नवापारा-राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्ड 8 के नगर पालिका के सभापति केकती सोनवानी के विशेष सहयोग से रंग - ए- तरंग के अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चो के बीच प्रतिभा को निखारने के लिए रंगारंग शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति को विद्यालय के सांस्कृतिक मंच पर उतारे। कार्यक्रम देखने के लिए पालको की अच्छी भीड़ थी। हर प्रस्तुति पर सभापति केकती सोनवानी द्वारा प्रोत्साहित राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभापति के प्रतिनिधि लल्ला सोनवानी ने कहा कि बेटियो से ही सारा संसार है। इनको हमेशा मान सम्मान और अवसर भी देना चाहिए। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित शाला परिवार मौजूद थे।

## आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में स्टार्ट अप्स पर विशेष वर्कशॉप 17 को




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

यूनिवर्सिटी की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल 17 फरवरी को आईएसबीएम यूनिवर्सिटी कैंपस के सेमिनार हॉल में "स्टार्ट-अप्स के लिए इफेक्टिव सेल्स और मार्केटिंग स्ट्रेटेजी" पर एक वर्कशॉप ऑर्गनाइज़ कर रही है।वर्कशॉप का मकसद स्टूडेंट्स को मॉडर्न सेल्स टेक्नीक, मार्केटिंग स्ट्रेटेजी, कस्टमर एंगेजमेंट और ब्रांड डेवलपमेंट की प्रैक्टिकल जानकारी देना है, जो स्टार्ट-अप्स और उभरते हुए एंटरप्रेन्योर्स के लिए ज़रूरी है। यह इवेंट इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और इंडस्ट्री-एकेडेमिया इंटरैक्शन को बढ़ावा देने की यूनिवर्सिटी की लगातार कोशिशों का हिस्सा है। यह वर्कशॉप जाने-माने लोकल एंटरप्रेन्योर और बिज़नेस लीडर्स करेंगे, जिनमें शामिल हैं। पवन सिन्हा पवन फ्यूल्स, छुरा चंचल सिन्हा चंचल ट्रेडर्स, छुरा, दिनेश सचदेवा सुपर मार्केट, छुरा, भोले शंकर जसवाल बालाजी ट्रेडर छुरा, कोमल सिंह साहू कोमल ट्रॉली, गरियाबंद, शांतनु सिन्हा जय श्री साई ट्रैक्टर्स, राजिम, छुरा, गरियाबंद, देवभोग, राजेश यादव जय श्री कृष्णा फ्लाई ऐश ब्रिक्स, लोहझर, छुरा, हेमचंद देवांगन छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल, छुरा, प्रीतम साहू इंडियन पब्लिक एच स्कूल, छुरा और साहू फर्नीचर वर्कशॉप यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन ने सभी स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेंबर्स और एंटरप्रेन्योर बनने की चाह रखने वालों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बुलाया है। यह पहल आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के युवाओं में एंटरप्रेन्योरियल स्किल्स को बढ़ावा देने और स्टार्ट-अप कल्चर को सपोर्ट करने के कमिटमेंट को दिखाती है।

## माता-पिता बने अतिथि, बच्चों ने पूजन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था जुपिटर पब्लिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मातृ-पितृ पूजन दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर सभी बच्चे अपने-अपने घरों से सुसज्जित पूजा की थाली लेकर विद्यालय पहुंचे, जिसमें फूल, श्रीफल एवं पूजन सामग्री शामिल थी। विद्यालय परिसर बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति से भावनात्मक वातावरण से भर गया। बच्चों के चेहरों पर माता-पिता को अपने बीच पाकर विशेष खुशी और गर्व झलक रहा था। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने माता-पिता का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर तथा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों के माता-पिता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अनूठे आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पार विद्यालय के संचालक जितेन्द्र साहू ने बताया की हमारे विद्यालय में शुरू से ही मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की परंपरा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर संस्कार, कर्तव्यबोध और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। आज की आधुनिक जीवनशैली में बच्चे कहीं न कहीं अपने मूल संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम उन्हें यह याद दिलाते हैं कि माता-पिता ही उनके प्रथम गुरु होते हैं। जब बच्चा अपने माता-पिता का पूजन करता है, तो उसमें विनम्रता, अनुशासन और कृतज्ञता जैसे गुण स्वतः विकसित होते हैं। हमें गर्व है कि हमारे



विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ समारोह का समापन हुआ। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि अभिभावकों के लिए भी एक भावनात्मक और स्मरणीय अनुभव बन गया।



### बिजली स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया मातृ पितृ दिवस, बच्चों ने की माता-पिता की पूजा

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में मातृ पितृ दिवस हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता पिता का विशेष महत्व है। पिता का साया एक मजबूत और छाया देने वाले पेड़ जैसे होता है जो सारी परेशानियां खुद सहन करता है लेकिन अपनी छांव में बैठे लोगों पर आंच भी आने नहीं देता। पिता अपने बच्चों के लिए एक नायक, आदर्श, एक सच्चा दोस्त और पथ प्रदर्शक होता है। मां यदि जीवन देती है तो पिता जीवन जीना सिखाता है।पिता मेहनत करता है और हर परिस्थिति का सामना कर जीवन की कठिनाइयों में लड़ना सिखाता है। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि माता पिता वो अनमोल रत्न है जिनके आशीर्वाद से दुनिया की सबसे बड़ी कामयाबी भी हासिल की जा सकती है।यह दिन माता पिता के प्रति सम्मान, प्यार और देखभाल के संस्कार को विकसित करने के लिए समर्पित है। अतःमाता-पिता त्याग, बलिदान और संघर्ष के प्रति मूर्ति होते हैं। मातृ -पितृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य माता-पिता के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं हमारे लिए अपना सर्वस्व त्याग देते हैं बच्चों का यह कर्तव्य कि उन्हें भी वे सम्मान दें। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पतोरा के धनेन्द्र साहू का सीआरपीएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पतोरी के साधारण कृषक रोहित साहू के पुत्र धनेन्द्र साहू ने देश सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक इकाई में हुआ है। तीन वर्षों के कठिन अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बाद मिली इस सफलता से पूरे परिवार और गांव ,साहू समाज में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को जिला साहू संघ ने धनेन्द्र साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू के साथ में ग्रामीणों ने धनेन्द्र को माला पहनाकर, श्रीफल, गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि धनेन्द्र साहू का चयन ग्रामीण क्षेत्र के सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन, परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी युवा देश की सुरक्षा में अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने धनेन्द्र को देश सेवा के इस पवित्र दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने की शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष बैसाखु राम साहू, जनपद सदस्य टायल साहू, सोमप्रकाश साहू, यशवंत साहू, संतोष साहू, प्रेम साहू, यादराम सिन्हा, गंगाराम साहू डगन, रजऊ राम साहू,जुगराम साहू, रवि साहू, तुलाराम साहू, शेखर साहू, अरुण साहू, राकेश साहू, कुलदीप साहू, भूषण साहू, रिखी साहू, जगदीश साहू, घनश्याम साहू, सजेश साहू, रामप्रसाद, फत्ते साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। धनेन्द्र के पिता रोहित साहू ने बेटे को देश सेवा के लिए भेजकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने की बात कही। यह सफलता न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व का विषय है।



## आमदी में श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आगाज

**गरियाबंद।** आस्था, उमंग और महादेव के जयकारों के बीच शनिवार को गरियाबंद जिला के आमदी ग्राम पंचायत शिक्षक नगर के शिवलिंग मंदिर प्रांगण में श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा व भव्य महाशिवरात्रि समारोह-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन आयोजित भव्य कलश शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। इसके बाद शोभायात्रा ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्यों की गूंज के साथ मंदिर प्रांगण से रवाना हुई। यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा शिक्षक नगर आमदी से होते हुए पुराना आमदी शीतला मंदिर तालाब के तट पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। शीतला मंदिर तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके पश्चात सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धालु पैदल वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। आयोजन समिति ने बताया कि शनिवार को शिव परिवार का नगर भ्रमण व विशेष पूजन हुआ। जबकि 15 फरवरी रविवार को प्राण प्रतिष्ठा, महाशिवरात्री महोत्सव और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर सोहन देवांगन, अवधराम देवांगन, कमलेश गोस्वामी, नीलक्ष साहू, अमित देवांगन, राकेश सोनी, सतीश वर्मा, रामसिंग पाटिये, हेमलता सिंग, अंजू सिंग, ममता देवांगन रानू देवांगन, शिवानी गोश्वमी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवापारा नगर के भारत भूषण साहू को पीएचडी की उपाधि



**नवापारा-राजिम।** शा उ मा विद्यालय करगा के व्याख्याता डॉ.भारत साहू को श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली रायपुर से जूलॉजी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है उनका यह शोध कार्य इफेक्ट ऑफ फीड सप्लीमेंटेशन ऑन मिल्क प्रोडक्शन ऑफ कोसली काऊस विथ स्पेशल रेफरेंस टू रायपुर डिवीजन पर शोध कार्य किया गया,यह शोध कार्य डॉ. अयंनतिका पाल, सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ, डॉ. उपाधि के इस गौरवपूर्ण अवसर डॉ. भारत भूषण साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया, उन्होंने विशेष रूप से अपने पिताजी पुराणिक साहू, माता चंपाबाई साहू के आशीर्वचन, मार्गदर्शन को अपनी प्रेरणा का प्रमुख स्त्रोत बताया एवं उनकी पत्नी ओम साहू शिक्षिका का भी विशेष सहयोग रहा।

### विशाल शोभायात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा में 13 फरवरी से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को दोपहर को ग्राम के महिला पुरूश बच्चों सहित पूरे ग्रामीणों के द्वारा विशाल शोभायात्रा एवं कलशयात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा हरदीभाठा से मैनपुर नेशनल हाइवे होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां वेदी पूजन देव स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक पंडित श्री नंदकिशोर चौबे द्वारा कथा वाचन किया जायेगा। इस श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं श्रीराम सेना हिन्दु युवा संगठन हरदीभाठा द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारी किया गया है गांव का पूरा महौल धार्मिकमय हो गया है।

### राजिम भाजपा मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**राजिम।** रेस्ट हाऊस राजिम में भाजपा मंडल राजिम द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, उपाध्यक्ष भारत सिंहा, महामंत्री जितेन्द्र पेंदरिया, मंत्री लोकेश सोनी, युवा मोर्चा आशीष पांडे, बादल साहू, संजीव साहू, शरद पारकर, डोमार ध्रुव, जिनेंद्र साहू, लिकेश्वर साहू, लाल जी साहू, महेश देवांगन, युगल किशोर आदि मौजूद थे।

### 18 लीटर शराब जब्त महिला गिरफ्तार

**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "नया सवेरा" अभियान के तहत अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने एक महिला आरोपी को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना सिटीकोतवाली क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली कि छिन्दौला निवासी सुनिता सोनवानी (36 वर्ष) अपने घर में बिक्री के लिए अवैध कच्ची महुआ शराब छिपाकर रखी हुई है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से तीन प्लास्टिक जरकीनों में कुल 18 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 3600 रुपए बताई गई है। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# महाकाल की तर्ज पर सजेगी भोले की बारात, शिवभक्ति में डूबेगा नगर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गरियाबंद में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिवधाम भाकुरा बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर से इस वर्ष भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

उज्जैन महाकाल की तर्ज पर इस बार बोल भी बम सेवा समिति ने महाशिवरात्रि के दिन बाबा भूतेश्वर नाथ की पालकी के साथ भोलेनाथ की बारात निकालने की नई परंपरा की शुरुआत की है। पालकी मरौदा से निकलकर गरियाबंद पालिका क्षेत्र का भ्रमण करेगी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पालकी का पुष्पवर्षा और आरती के साथ स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, यह तृतीय वर्ष है जब बाबा भूतेश्वर नाथ जी की पालकी नगर भ्रमण पर निकलेगी। महाकाल की असीम कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल है। नई परंपरा आकर्षण और आस्था का केंद्र बनती जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## महाशिवरात्रि पर बाबा भूतेश्वरनाथ की निकलेगी दिव्य पालकी



### विशेष प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध जय महामाया झांकी, नागपुर वीर हनुमान झांकी, नागपुर स्वर सम्राट वादी किंग धूमाल, नागपुर रवि ऑडियो, अभनपुर भव्य आतिशबाजी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य राउत नाचा। बोल बम सेवा समिति गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी, यश मिश्रा, सानू निकेश सिन्हा, आशीष देवंशी, शुभम देवंशी, आशीष सिन्हा, अंकित देवांगन, अजय राठौर, नमन सेन, वंश दासवानी, मानव निर्मलकर, दानेंद्र चौहान, प्रशान्त राठौर, पंकज पाटिल, जय पटेल, प्रांजल साहू, कबीर सोनी, अनुराग सोनी, ओंकार सोनी, श्रेयांश सोनी, रोमी सिन्हा, अमन सरवा, विकाश पांडेय, विकास पिंजरा, विकाश यद्गु, राज डे, चन्दन, आयुष, पप्पू, शुभम सांग, मयंक सोनी, सुजल कोठारी, तरुण देवांगन, अभिनव देवांगन, नवीन साहू और खुशाल साहू की सक्रिय भूमिका रहेगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा भूतेश्वर नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें। गरियाबंद में इस बार महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भक्ति, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का विराट उत्सव बनने जा रही है।

**राजिम कुंभ कल्प : महानदी की महाआरती में शामिल हुईं कौशल्या देवी साय, प्रदेश की खुशहाली की कामना की**

# मेले की वास्तविक गरिमा जनता की आस्था विश्वास और सहभागिता : कौशल्या देवी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम**

राजिम कुंभ कल्प के 13वें दिन आध्यात्मिक आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय कुंभ मेले में पहुंचीं और महानदी महाआरती में सहभागी बनीं। त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित इस भव्य आयोजन में श्रीमती साय ने साधु-संतों के साथ पूरे विधि-विधान से महानदी की आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कौशल्या देवी साय ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की उन्नति एवं कल्याण की प्रार्थना की। जबलपुर से पधारी साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में ग्यारह पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती सम्पन्न कराई। आरती घाट पर ज्यों ही आरती प्रारंभ हुई, शंखनाद, कपूर की सुगंध, दीपों की लौ से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। एक साथ प्रज्वलित आरती दीप और वैदिक मंत्रों की गूंज ने त्रिवेणी संगम को अलौकिक बना दिया। उपस्थित श्रद्धालु इस दिव्य दृश्य के साक्षी बने।





## कुंभ की सफलता जनता की आस्था से

महानदी की आरती के बाद श्रीमती साय मुख्यमंच पहुंची और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के बड़े-बड़े कुंभ मेलों में पहुंच पाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता, कई लोग इच्छा होने के बावजूद दूरियों के कारण नहीं जा पाते। लेकिन अब छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कुंभ कल्प के माध्यम से प्रदेशवासियों को अपने ही राज्य में संतों का सानिध्य और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प की सफलता का श्रेय यहां उपस्थित श्रद्धालुओं और जनसहभागिता को जाता है। शासन और प्रशासन केवल व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सकते हैं, किंतु मेले की वास्तविक गरिमा जनता की आस्था, विश्वास और सहभागिता से ही बढ़ती है। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, संत-महात्मा एवं बड़ी संख्या श्रद्धालुगण शामिल हुए।

# रस निकालने से धीरे-धीरे नष्ट हो रहे छिन्द के पेड़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

इन दिनों छिन्द रस का चलन क्षेत्र में बड़ गया है इसका उपयोग लोग नशे के रूप में करने लगे हैं जिसके कारण धीरे -धीरे क्षेत्र से छिन्द के पेड़ नष्ट होने लगे हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार आन्ध्रप्रदेश से लोग पहुंच कर यहां छिन्द रस का व्यवसाय पिछले कुछ वर्षो से कर रहे हैं और प्रति गिलास 10 से 15 रूपए में यह रस आसानी से लोगों को मिल रहा है। इसके लिए छिन्द के पेड़ों के ऊपर कोमल टहनियों को काटकर उसके नीचे हाण्डी बांधा जाता है और रातभर में यह हांडी छिन्द के रस से भर जाता है जिसे सुबह निकालकर बेचा जाता है और इसका उपयोग युवा वर्ग से लेकर उम्र दराज लोग जहां नशे के रूप मे कर रहे है वहीं कुछ लोग शौकिया तौर से भी इसे पीते है लेकिन लगातार छिन्द के पेड़ों से रस निकाले जाने के कारण धीरे धीरे छिन्द के पेड़ ही नष्ट हो रहे है। बताया जाता है लगातार छिन्द के पेड़ो से यदि उनका रस निकाल दिया जाये तो यह पेड़ कुछ माह मे सूख कर मर जाता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे छिन्द तालाब के रूप मे मसहूर तालाब के चारो तरफ आज से कुछ वर्श पहले बड़ी संख्या मे छिन्द के पेड़ होते थे जिसके कारण लोग इसे छिन्द तालाब के नाम से जानते है लेकिन इस तालाब मे ही पिछले कुछ वर्शो मे 25 से 30 छिन्द के वृक्ष मर चुके है। इस ओर आज गंभीर होकर ध्यान देने की जरूरत है नही तो आने वाले कुछ वर्शो मे क्षेत्र मे छिन्द के वृक्ष दिखाई ही नही देंगें।



### क्षेत्र के छिन्द के वृक्षों में टंगा है हांडी और टिपा

*क्षेत्र के छिन्द के वृक्षों में इन दिनों जगह-जगह हांडी और टिपा टंगे हुए नजर आ रहा है तो वहीं छिन्द रस पीने के शौकीन सुबह शाम चक्कर लगाते नजर आ रहे है। छिन्द रस निकालने के कारण धीरे- धीरे छिन्द का वृक्ष क्षेत्र से खत्म होता जा रहा है जिस पर चिंतन करने की आवश्यकता है।*

# माता-पिता ईश्वर तुल्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा**

शनिवार को सुबह 09 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में मातृ-पितृ पूजन दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पालकगण गंगाराम साहू, पूर्णिमा साहू, नीलकंठ देवांगन, पूजा देवांगन, मिथलेश सिन्हा, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, कुंती साहू अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के द्वारा माता-पिता के पूजा से हुई। अपने उद्बोधन में मिथलेश सिन्हा ने कहा कि माता-पिता की सेवा केवल एक दिन ही नही बल्कि साल भर करनी चाहिए।



उन्होंने बच्चों को कहानी के माध्यम से बताया कि पंडरपुर स्थान में पुंडरीक नामक बालक रहता था जो माता-पिता की सेवा दिन रात करता था। एक दिन भगवान विठ्ठल मातृ-पितृ भक्त बालक पुंडरीक से मिलने आये, उस समय पुंडरीक माता पिता की सेवा कर रहे थे। भगवान विठ्ठल ने पुंडरीक से कहा कि मैं तुम्हारी मातृ-पितृ भक्ति से प्रसन्न होकर तुमसे मिलने आया हूँ,पुंडरीक ने भगवान से कहा कि अभी मैं अपने माता पिता की सेवा कर रहा हूं, तुम यही इस ईंट पर खड़े रहो, मैं बाद में तुमसे मिलूंगा। महाराष्ट्र के पंडरपुर में भगवान विठ्ठल आज भी उसी स्थिति में ईंट पर खड़े हुए है। इस प्रकार की प्रेरणादायीं कहानी के माध्यम से मिथलेश सिन्हा द्वारा बच्चों को शिक्षा दी गयी। आए हुए समस्त माता पिता द्वारा बच्चों को सुभाशीष प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा ने कहा कि माता पिता इस पृथ्वी के चलते-फिरते भगवान है, उनकी सेवा हमेशा करते रहना चाहिए, यही हमारे देश की संस्कृति है। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, ओम डहरिया, भारती यादव, मैनाज, होरीलाल, अल्का सिन्हा, कविता यदु, टेकेश्वरी तारक, निधिका शाह, राहुल सिन्हा, खुशबू साहू, यशोदा साहू, रेखा सोरी, रश्मि, हेमलता, डिगेश्वरी उपस्थित थे।

# पीएमश्री सेजेस में पूर्व छात्र छात्राओं को हुआ सम्मेलन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर**

पीएमश्री सेजेस अभनपुर में 1974 से लेकर विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह स्मृति संगम - पुरानी बेंच, नई बातें का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू ने विद्यालय से मिले संस्कारों को जीवनभर की पूंजी बताया। संस्था प्रमुख डॉ. तारा त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं। आयोजन के अंतर्गत स्मृति-साझा सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रतिभा सम्मान एवं गुरुजनों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्राओं में मीरा तिवारी (वर्तमान में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण में सेवारत), भैरवी वैष्णव (असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई) तथा अन्य सफल पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पीएमश्री से इंडियन नेवी के लिए चयनित आर्यन एवं विवेक साहू का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,किशन शर्मा,बीईओ धनेश्वरी साहू,एसएमडीसी गोयल भट्ट,पार्षद चंपा लेदेकर,मीना धनेश्वर साहू,रूपनारायण साहू,डोमेन्द्र साहू,राजेश साहू,राकेश साहू,पार्थ वैष्णव,पतिराम तारक,मनीषा गायकवाड़,रामुलाल तारक,सीएस तारक,भोला राम साहू तथा नगर पालिका एवं शिक्षा विभाग के अनेक जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों की उपस्थिति रही।

# मानस मंदिर में सीता रसोई का हुआ उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा**

मानस मंदिर प्रांगण में श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण के बीच "सीता रसोई" का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद मानस समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह,एवं कथावाचिका ब्रजवासी नेहा पाण्डेय के द्वारा फीता काटकर सीता रसोई का लोकार्पण किया गया। नगर में सेवा, संस्कार और सामाजिक समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जहां व्यवसायी विजय गुप्ता द्वारा अपने पिता जी स्व .प्रेमनारायण गुप्ता,माता स्व.सरस गुप्ता जी की पावन स्मृति में सीता रसोई का निर्माण अपनी स्वयं की राशि से कराया गया। इस कार्य की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सीता रसोई का उद्देश्य मंदिर के आयोजनों में श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। सनातन परंपरा में माता सीता को त्याग, सेवा और मातृत्व की प्रतीक माना जाता है, इसलिए इस रसोई को सेवा-भाव से जोड़कर प्रारंभ किया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार "सीता रसोई" का भाव भोजन एवं पोषण के माध्यम से समाज में प्रेम और समर्पण का संदेश देना है।





उद्घाटन अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मंदिर परिसर में इस व्यवस्था के प्रारंभ होने से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी तथा धार्मिक आयोजनों में प्रसाद वितरण और सामूहिक सेवा कार्य सुचारु रूप से संचालित किए जा सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मंदिर परिसर के विकास के लिए सहयोग का संकल्प लिया।इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष बिसेसर दीवान ,सचिव बजरंग पाण्डेय,शीतल ध्रुव, धनंजय शुक्ला ,ओमप्रकाश द्विवेदी, पंडित यज्ञेश प्रसाद पाण्डेय,अशोक दीक्षित,चंदू सेठ ,विजय गुप्ता, गोपाल निषाद, निखिल साहू, शिक्षक मानस परिवार मुख्य जजमान प्रहलाद पटेल , काजल पटेल,नेमीचंद यादव, कंगालू राम सिन्हा, गोपाल सोनी, माधो प्रसाद पाण्डेय,ईश्वर सिन्हा, महिलाएं आदर्श महिला मंडल छुरा , शिवशक्ति महिला मंडली, एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**फुलझर में मानस गान से जागी आध्यात्मिक चेतना, घर-घर जले भक्ति के दीप**

# भगवान श्रीराम आदर्श की पराकाष्ठा : इंन्द्रजीत महाड़िक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर**

ग्राम फुलझर में 13 से 15 फरवरी तक चल रहे संगीतमय रामचरितमानस गान सह व्याख्यान के प्रथम दिन संध्या बेला में मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य इंन्द्रजीत महाड़िक, अध्यक्षता पुर्व सरपंच भाजपा नेता रामजी साहू थे। इंन्द्रजीत महाड़िक ने मानस मंच से उपस्थित श्रोताओं व आम जनो को सम्बोधित करते हुए कहा की ग्राम फुलझर में भगवान श्री राम का यह आयोजन मात्र नहीं है। यह हम सबके चेतना को जागृत करने का महापर्व जैसा है। जिसमे फुलझर के हर घर से उत्सव का वातावरण स्पष्ट दिख रहा है। मै जब यहां पहूंचा तो देखा महिलाएं ध्यान से सुन रहे हैं और राम नाम से झुम भी रहे हैं। भगवान की अनेक प्रसंग से ऐसे श्रोता की आंखे नम हो जाती है। यहां आयोजन के चलते तक दीपावली की तरह घर घर दीप जल रहे हैं और हर मन मंदिर



इनके आलोक से प्रकाशित हो ऐसी प्रभु श्रीराम प्रार्थना करता हूं। इंन्द्रजीत महाड़िक ने आगे कहा पूर्व हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण-प्रभु राम सांस्कृतिक-आध्यात्मिक सेतु है। जीवन के प्रारंभ से अंत तक और मध्य में सभी चरण रामनाम के साथ ही पूर्ण होते हैं। किसे से अभिवादन में राम-राम जी कहते हैं, किसी कार्य के प्रारंभ व अंत में जय श्रीराम तथा मनुष्य जीवन के अंतिम समय रामनाम सत्य जैसे उद्बोधन इसके जीवंत उदाहरण हैं। वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में भगवान श्रीराम वास्तव में देश के आदर्श हैं। एक आदर्श पुत्र, एक आदर्श भाई, एक आदर्श शिष्य, एक आदर्श पति, एक आदर्श शासक, एक आदर्श तपस्वी, एक आदर्श मानव जीवन, सभी भुमिकाओं में आदर्श की पराकाष्ठा श्रीराम में देखने को मिलती हैं। इससे पहले ग्राम फुलझर पहूंचने पर आयोजक समीति ने स्वागत करते मंच लाए फिर वहां फूल माला पहनाकर एवं गमछा भेंट कर मुख्यातिथि सहित समस्त अतिथियों का सम्मान किया गया। ग्रामवासियों ने सीतला मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख रुपए की मांग की है जिस पर मुख्यातिथि ने जो बन पड़ेगा हर सम्भव प्रयास करूंगा। इस मौके पर मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य इंन्द्रजीत महाड़िक, अध्यक्षता रामजी साहू, पुर्व सरपंच भाजपा नेता, संतोष कुमार ध्रुव, उरेन्द्र, कोमल ठाकुर हर्षवर्धन साहू, लक्की सोनकर, मनीष साहू चून्नी साहू, भारत, चैनसिग, कार्तिक, बीजू, धनजी, राधे, लीलाराम, संतु साहू, घनश्याम गुप्ता बारूला मंच संचालक आशा कांत रजक, मंच उद्घोषक थानेश्वर दिवान उपस्थित थे।

### लावन्या निधि की विशेष प्रस्तुति

शुक्रवार को कार्यक्रम का प्रथम दिन रहा, जिसमें बारूला, भैंसमुंड़ी, सारागांव की की मानस मंडली ने संगीत मय सह व्याख्या से अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम दिन जय मां चितावर महिला मानस मंडली सारागांव की व्याख्या एंव सुमधुर स्वर में प्रेरक भजन गायिका उत्तरा ध्रुव की प्रस्तुति विशेष रही है। उनके साथ में ममता कंवर, लुकेश्वरी ध्रुव, शांति, कान्हा, पोखन जनक, परमेश्वर सभी ध्रुव परिवार ने मंच सुन्दर सुर ताल संगत की है। व्याख्यकार उत्तरा ध्रुव ने कहा जीवन में अनिर्णय के पलों में रामनाम ही तारक मंत्र के रूप में काम आता है, जब गोस्वामी तुलसीदास जी के ये शब्द सहज ही गूंज उठते हैं-होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै साखा । वस्तुतः श्रीराम राष्ट्र के हृदय में बसे हुए हैं। स्वयं भगवान शिव भी राम की आराधना करते हैं। वास्तव में दोनों एकदूसरे के बिना अधूरे हैं। राम के ईश्वर शिव हैं तो शिव भी राम की ही माला जपते रहते हैं।

